हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 18 सितंबर 2025

04 जान जोखिम में डालकर एक लेन से दूसरी लेन पर...



फाइल फोटो

07 शास शिक्षक-शिक्षिकाओं ने की थी अभियान...





## खबर संक्षेप

### पेंशन शिविर 22 से 24 सितंबर तक लगेगा

**नर्मदापुरम।** जिला पेंशन कार्यालय द्वारा पेंशन प्रकरणों का यथा समय निराकरण कर नियमित पेंशन भुगतान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 22 सितम्बर से 24 सितम्बर तक पेंशन शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर के दौरान शासकीय कार्यालयों में लंबित पेंशन प्रकरणों का भी निराकरण किया जाएगा। इसमें न्यायालयीन, विभागीय जाँच तथा लोकायुक्त प्रकरणों को छोड़कर अन्य सभी लंबित प्रकरणों का विशेष रूप से निराकरण किया जाएगा।

### स्वच्छता ही सेवा अभियान 2 अक्टूबर तक चलेगा

**नर्मदापुरम।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्रामों में स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य ग्रामों में ओडीएफ प्लस की स्थायित्व सुनिश्चित करना है। अभियान में त्यौहारों से पहले ग्रामों में सफाई, सार्वजनिक स्थल, स्वच्छता संरचनाएं और धार्मिक स्थलों की साफ-सफाई, स्वच्छता संदेश प्रदर्शित करना - सूखा-गीला कचरा अलग करना, प्लास्टिक, कागज का उपयोग न करना आदि शामिल है।

### कमिश्नर ने ली विभिन्न विभागों की संभागीय समीक्षा बैठक

# जिले में मदिरा की अवैध बिक्री व परिवहन पर सख्त कार्रवाई की जाए : कमिश्नर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सभी जिला आबकारी अधिकारी देसी एवं विदेशी मदिरा के अवैध बिक्री एवं परिवहन पर सख्त कार्रवाई करें। परिवहन के लिए युक्त वाहनों को जप्त कर अर्थ दंड लगाए। उक्त निर्देश कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने बुधवार को आयोजित आबकारी विभाग, खाद एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, खनिज विभाग, जिला परिवहन विभाग, वाणिज्य कर विभाग, वरिष्ठ जिला पंजीयन विभाग एवं नापतोल विभाग की संभागीय समीक्षा बैठक में दिए। कमिश्नर ने निर्देश दिए की शासन द्वारा दिए गए राजस्व लक्ष्य की प्राप्ति हर हाल में शत प्रतिशत सुनिश्चित की जाए। कमिश्नर ने कहा कि हालांकि रेवेन्यू की कोई सीमा नहीं है लक्ष्य से अधिक भी राजस्व प्राप्ति का लक्ष्य निर्धारित किया जाए।

बुधवार को कमिश्नर केजी तिवारी ने खनिज, आबकारी, परिवहन सहित अन्य विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए।



### अवैध मदिरा के विक्रय पर रोक लगाई जाए

मदिरा विक्रय की जगह जहां तय है वही वही से ही मदिरा का विक्रय सुनिश्चित किया जाए, अन्य संवेदनशील क्षेत्र या जहां पर भद्रजन लोग रहते हैं वहां पर किसी भी स्थिति में मदिरा का विक्रय या दुकान स्थापित न किया जाए। विभाग मदिरा के अवैध बिक्री एवं परिवहन पर कार्रवाई की संख्या बढ़ाए।

### खनिज के अवैध उत्खनन, भंडारण एवं पर हो कार्रवाई

खनिज विभाग की समीक्षा के दौरान कमिश्नर ने निर्देश दिए की खनिज के अवैध उत्खनन परिवहन एवं भंडारण पर सख्त कार्रवाई करते हुए कार्रवाई की संख्या को बढ़ाया जाए। कमिश्नर ने कहा कि की गई कार्रवाई से आम जनता भी अवगत हो। कमिश्नर ने कहा कि सभी कार्रवाई करते हुए जिला खनिज अधिकारी अपनी सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखें।बताया गया की नर्मदापुरममें 37 नवीन खदान चिन्हित किए गए हैं जिनमे दो खदान घोषित भी हो चुकी है। कमिश्नर ने निर्देश दिए की सभी शेष खदानो के नक्शा पास कराकर खदान घोषित कराया जाए। बताया गया कि नर्मदापुरममें खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर 114 कार्रवाइयों की गई है। कमिश्नर ने राजस्व के संबंध में निर्देश दिए की सभी जिला खनिज अधिकारी कलेक्टर की समय सीमा की बैठक में निर्माण विभागों से खनिज की रेवेन्यू जमा करने के संबंध में बात रखें ताकि निर्माण विभाग से खनिज रेवेन्यू की राशि जमा कराई जा सके।अधिकारियों ने बताया कि नर्मदापुरममें 13 करोड़ के राजस्व लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 1.94 करोड रुपए का राजस्व लक्ष्य प्राप्त किया गया है। वहीं नर्मदापुरममें 53 लाख 18 हजार 837 रुपए एका अर्थ दंड जमा कराया गया है।

### 15 वर्ष से अधिक पुराने वाहनों को न दें परमिट

कमिश्नर ने निर्देश दिए की 15 वर्ष से ऊपर के पुराने वाहनों को स्थाई परमिट जारी न किया जाए। ऐसे प्रकरण समीक्षा से भी हटा दिए जाएं। कमिश्नर ने निर्देश दिए की 25 सितंबर तक सभी स्थाई परमिट के आवेदनों पर निर्णय लेकर करवाई पुरी की जाएगी। बसो के परमिट समय सीमा में जारी किए जाएंगे। साथ ही जिला सड़क सुरक्षा सप्ताह की बैठक आयोजित करें।

# ग्राम निम्भोरा के पास मिला जलीय जीव का शव, जांच जारी

### शव का कराया गया पोस्टमार्टम



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम में लगातार वन्यप्राणियों की मौत के मामले सामने आ रहे है। अब जलीय जीव मगरमच्छ की भी मौत हुई। बुधवार को सोहागपुर के पास निम्भोरा सिंघवाड़ा के पास नहर किनारे खेत में एक मगरमच्छ का बच्चा मृत अवस्था में मिला। सुबह 10.30 बजे वन विभाग के गश्ती दल को मगरमच्छ का बच्चा मृत अवस्था में दिखा। सूचना मिलते ही सनसनी फैल गई। फॉरेस्ट रेंजर सुमित पांडे मौके पर पहुंचे। कुछ देर बाद नर्मदापुरम से एसडीओ मानसिंह मरावी, एसटीआर के डॉक्टर गुरुदत्त शर्मा और डॉग स्क्वॉड दल मौके के लिए रवाना हुआ। घटना स्थल की सर्चिंग कराई गई। फिलहाल वन विभाग को मगरमच्छ की मौत में ऐसा कोई साक्ष्य नहीं मिला, जिससे शिकार की आशंका हो। मृत मगरमच्छ का पोस्टमार्टम कराया गया है। जिसे निम्भोरा नर्सरी में जलाया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक सुबह करीब 10.30 बजे सिंघवाड़ा निम्भोरा के पास नहर से फॉरेस्ट वनरक्षक फूलेन रंजन, चौकीदार सुरेश और महेंद्र के साथ गश्ती पर थे। तभी नहर किनारे खेत में मगरमच्छ का बच्चा मृत मिला। जिसकी उम्र करीब 2, ढाई साल है।

सूचना पर फॉरेस्ट अफसर मौके पर पहुंचे। डीएफओ मयंक गुर्जर ने कहा मगरमच्छ की मौत हुई है। मृत्यु की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है। शव करीब 2दिन पुराना है। शिकार जैसे कोई साक्ष्य नहीं मिले। जिससे शिकार की आशंका लगे। पोस्टमार्टम कराया गया है। रिपोर्ट में मृत्यु की पुष्टि हो पाएगी।

# श्री रामलीला महोत्सव शुरूः सेठानी घाट पर प्रथम दिवस हुआ नारद मोह की लीला का मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगर में सवा सौ वर्षों से परम्परागत रूप से प्रतिवर्ष हो रहे श्री रामलीला महोत्सव का गौरवशाली आयोजन बड़े श्रीराम मंदिर में बुधवार कघट स्थापना एवं मुकुट पूजन से विधिवत प्रारंभ हुआ , जिसमें बड़े श्रीराम मंदिर में दोपहर में अनुष्ठान के अंतर्गत जब तक लीला चलेगी तब तक के लिए घट की स्थापना की गई है, श्रीराम , लक्ष्मण ,जानकी , भरत एवं शत्रुघ्न के पात्रों के द्वारा पूजा अर्चना की गई पश्चात उक्त पात्रों द्वारा सेठानी घाट एवं दशहरा मैदान भूमि पूजन करके सेठानी घाट पर बने मंचों की पूजा की गई । सायंकाल में माँ नर्मदा मंदिर के सामने सेठानी घाट स्थित पर बनाए गए भव्य मंच से शंकर विवाह एवं नारद मोह की लीला का प्रभावी मंचन किया गया ।

श्री रामलीला के प्रथम दिवस भगवान शंकर के विवाह की प्रासंगिक की प्रस्तुति की गई जिसमें देवर्षि नारद के मन में इंद्र के आसन को पाने की इच्छा जाग उठती है वह घोर तपस्या में लीन हो जाते हैं देवर्षि की तपस्या से इंद्र और देवता को भय लगता है तथा उनकी तपस्या भंग करने के लिए इंद्र अपने मंत्री कामदेव को भेजते हैं कामदेव के असफल हो जाने से देवर्षि नारद में अहंकार उत्पन्न होता है , भगवान विष्णु नारद के इस अहंकार को समाप्त करने के लिए उन्हें वानर का रूप दे देते हैं और स्वयं आपकी अपनी इच्छा अनुसार नारद के दिए गए श्राप को स्वीकार कर त्रेता युग में मनुष्य अवतार लेने का लेने की इच्छा करतें हैं। लीला में अरुण तिवारी ने नारद, प्रतीक दुबे ने विष्णु , यश शुक्ला ने, लक्ष्मी , अमित यदुवंशी ने विश्व मोहिनी , अजय परसाई ने ब्रह्मा , सुभाष परसाई ने इंद्र आदि ने भूमिका निभाई

# अकाल मौत मरने वाले लोगों के लिए एकादशी पर हुआ तर्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नर्मदापुरम के प्राचीन सेठानी घाट पर बुधवार को पुरखों की एकादशी (ग्यारस) पर सामूहिक तर्पण किया गया। इस अवसर पर शहर के व्यापारी और समाजसेवियों ने अकाल मौतों के शिकार, बेसहारा और भटकती आत्माओं की शांति के लिए पिंड दान और तर्पण किया। कार्यक्रम के संयोजक प्रमुख मनोहर बडानी ने बताया कि यह परंपरा पिछले 25 वर्षों से निभाई जा रही है। उन्होंने कहा कि देशभर में ऐसे मृतक जिनका कोई तर्पण करने वाला नहीं होता, देश के शहीद सैनिक और अकाल मृत्यु को प्राप्त लोग सभी की आत्मा शांति के लिए मां नर्मदा के तट पर विधिवत पिंड दान और तर्पण किया जाता है।

# गुरु गौरव व वनमाली शिक्षक सम्मान से किया गया शिक्षकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



रवींद्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी एवं कौशल श्री विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में गुरु गौरव एवं वनमाली शिक्षक सम्मान समारोह भव्य रूप से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक डॉ सीतासरन शर्मा रहे। विशिष्ट अतिथियों में संभागीय संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण डॉ. मनीष वर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी सुश्री ज्योति प्रहलादी, नगर पालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, कुलपति डॉ. संजीव कुमार गुप्ता, डॉ. अनिल तिवारी (डीन एडमिशन), समाजसेवी अतुल सेठा एवं विष्णु गुप्ता उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि डॉ. शर्मा ने अपने उद्बोधन दिया। साथ ही संभागीय संयुक्त संचालक डॉ. मनीष वर्मा ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में संयोजक सतीश बिल्लौरे ने बताया कि इस अवसर पर नर्मदापुरम जिले के सभी सात विकासखंडों नर्मदापुरम, केसला, सिवनी मालवा, माखन नगर, सोहागपुर, पिपरिया एवं बनखेडी से आए शिक्षकों का सम्मान किया गया।

# सीवी रमन आईटीआई में मनाई भगवान विश्वकर्मा की जयंती



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सी.वी रमन प्राईवेट आई टी आई, नर्मदापुरम में भगवान विश्वकर्मा जयंती पर्व का आयोजन डायरेक्टर विवेक भदौरिया के मुख्यातिथ्य विनीत भदौरिया की अध्यक्षता में उत्साहपूर्वक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में पधारे अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम भगवान श्री विश्वकर्मा की भव्य पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में सी. वी . रमन आई टी आई, नर्मदापुरम के प्राचार्य राजेश पचलानिया, बी.एड. कालेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ. नारायणदास कुशवाहा, डॉ. भारती शर्मा, डॉ. हरिओम दीक्षित, रोहनी शर्मा, डॉ. नीतू तिवारी आदि मौजूद रहे।

# नगर के सेठानीघाट से हुआ स्वच्छता सेवा पखवाड़ा का आगाज

### नपा द्वारा आयोजित स्वच्छता सेवा अभियान में लिया बढ़ चढ़कर हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

प्रधानमंत्री द्वारा स्वच्छता अभियान की शुरूआत की गई थी अब वह जन आंदोलन बन चुका है। गांव हो या महानगर में रहने वाले सभी लोग स्वच्छता के प्रति जागरूक हो गए हैं। यह बात आज सेठानीघाट पर नगरपालिका द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित स्वच्छता सेवा पखवाड़ा की शुरूआत पर राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने कहीं। उन्होंने कहा कि हर नागरिक को इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाकर देश को स्वच्छ बनाना चाहिए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने मां



नर्मदा के प्रसिद्ध सेठानीघाट से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।

नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा उपस्थिति अतिथियों और नागरिकों को आगामी 15 दिनों तक आयोजित स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के कार्यक्रमों की जानकारी दी। नपाध्यक्ष ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के जन्मदिन पर मालाखेड़ी एचएसटीपी प्लांट के पास नमो वाटिका बनाई गई है। जिसका उद्घाटन हमारे जनप्रतिनिधिगणों द्वारा पौधेरोपण कर किया गया है। आगामी दिनों में हम नमो वाटिका में और अधिक कार्य करेंगे। यहां रोपणी तैयार करेंगे। जहां से पौधों को वितरित करेंगे। कार्यक्रम में महामंत्री प्रसन्न हर्णे, विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव, नपा उपाध्यक्ष अभय वर्मा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले, पूर्व नपाध्यक्ष अखिलेश खंडेलवाल, मंडल अध्यक्ष रूपेश राजपूत, पार्षदगण, पार्षद प्रतिनिधिगण, भाजपा के कार्यकर्तागण, उपयंत्री रीना गुप्ता, स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी, सिटी मैनेजर दिव्या मिश्रा, विशाल शर्मा, सतीष यादव और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने स्वच्छता अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। उपयंत्री रीना गुप्ता ने बताया कि नमो वाटिका में पौधरोपण कार्यक्रम में नवाचार किया गया है। मियावाकी पद्धति जापानी वनस्पतिशास्त्री डॉ. अकीरा मियावाकी द्वारा विकसित एक वनरोपण तकनीक है, जिसमें देशी पौधों की प्रजातियों को बहुत सघन रूप से लगाया जाता है।

# शास नर्मदा कालेज में हुआ सेवा पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सेवा पखवाड़ा अभियान 2 अक्टूबर 2025 तक आयोजित गतिविधियों के अंतर्गत बुधवार को शासकीय नर्मदा महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई द्वारा गोद ग्राम जासलपुर में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रामकुमार चौकसे के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों को बस सेवा के द्वारा रवाना किया गया गोद ग्राम जासलपुर में पहुंचकर स्वयंसेवकों ने स्वच्छता रैली निकाली । रैली के आयोजन के दौरान स्वयंसेवकों ने , पर्यावरण के दुश्मन तीन पाउज पन्नी पॉलिथीन, गंदगी को मिटाना है भारत को स्वच्छ बनाना है, आदि नारो के माध्यम से ग्राम वासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

### हरिभूमि एक्सक्लूसिव फैमिली गरबाः विश्वास की परंपरा, 26 सितंबर से होगा आगाज, तैयार हुई शुरू

# तीन दिवसीय हरिभूमि गरबा में बिखरेंगे परंपरा और लोक संस्कृति के रंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शक्ति की आराधना के पावन महापर्व नवरात्रि के आगमन से पहले ही हरिभूमि एक्सक्लूसिव फैमिली गरबा का नाम लोगों की जुबान पर रट गया है। 26 सितंबर से 28 सितंबर तक तीन दिवसीय हरिभूमि फैमिली गरबा में शाम 7:00 बजे से रात्रि 10 बजे तक लाइव डीजे की धुन पर गरबा का आयोजन किया जाएगा।

हरिभूमि गरबा को लेकर लोगों में जमकर उत्साह एवं जोश भरा हुआ है शहर के विभिन्न गरबा ग्रुप एवं डांस कोरियोग्राफर लोगों को गरबा नृत्य की प्रैक्टिस करवा रहे हैं। पुरानी इटारसी, मालवीयगंज,





न्यास कॉलोनी सहित अन्य स्थानों पर हरिभूमि एक्सक्लूसिव फैमिली गरबा में अपनी प्रस्तुति देने के लिए शहर के सभी बड़े गरबा ग्रुप तैयारी कर रहे हैं।

### सोशल मीडिया पर छाया हरिभूमि गरबा

हरिभूमि समूह का फैमिली गरबा तीन सालों में इतना प्रसिद्ध और स्थापित हो चुका है कि अब शहर में हर किसी की जुबान पर बस एक ही नाम है। तीन सालों से आयोजित गरबा के जरिए हरिभूमि और गरबाप्रेमियों के बीच गहरा संबंध स्थापित हो चुका है। सोशल मीडिया पर सिर्फ हरिभूमि गरबा की ही चर्चाएं हो रही हैं। दिन भर हरिभूमि गरबा से जुड़ी हुई रील्स और पोस्ट शेयर की जा रही है।

### 26 सितंबर से पहले प्राप्त करें एंट्री पास

इवेंट ऑर्गनाइजर भूपेंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि इस वर्ष का आयोजन पूर्णतः प्रीमियम रखा गया है। निःशुल्क एंट्री बंद रहेगी। जिसे गरबा आयोजन में शामिल होना है 7 बजे गरबा प्रारंभ हो जाएगा एवं रात 10 बजे गरबा आयोजन विश्राम हो जाएगा। गरबाप्रेमियों एवं आमजनो को गरबा में शामिल होने के लिए 7 बजे तक गरबा स्थल प्रिंस पैराडाइज पहुंचकर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने का निवेदन किया जा रहा है। एंट्री पास के वितरण की सूचना जल्द ही दी जाएगी।

### प्रतिदिन दिए जाएंगे पुरस्कार

हरिभूमि एक्सक्लूसिव फैमिली गरबा में आने वाले नागरिकों एवं प्रतिभागियों को प्रतिदिन पुरस्कार देकर सम्मानित किया जायेगा। गरबे के दौरान गरबा किंग, गरबा क्वीन, बेस्ट कपल, बेस्ट ग्रुप, क्यूट किड्स एवं विशेष सम्मान से प्रतिभागियों को नवाजा जायेगा।

### दिए जा रहे हैं पास



हरिभूमि गरबा का नाम जिले भर में प्रसिद्ध है। इस वर्ष यह आयोजन हमारे परिसर में हो रहा है बेहद खुशी है। ऐसे गरिमामयी आयोजन ही शहर की पहचान है, हमने इस वर्ष गरबा प्रेमियों के लिए हरिभूमि समूह के साथ मिलकर विशेष व्यवस्थाएं की है। लिमिटेड ओर प्रीमियम एंट्री पास सिस्टम रखा गया है जिसमें पहले आओ पहले पाओ के आधार पर एंट्री पास दिए जा रहे है।

**मनोज बतरा, संचालक**
**प्रिंस पैराडाइज गार्डन एंड रिसॉर्ट**

### सारे शहर में है चर्चा



पूरे शहर में चारों तरफ सिर्फ हरिभूमि गरबा की ही चर्चा हो रही है। नगर में हरिभूमि गरबा आयोजन से शहर झूम उठता है। गरबा और डांडिया मां दुर्गा को प्रसन्न करने का ही एक साधन है। नृत्य करके देवी की भक्ति में लीन महिला पुरुष झूम उठते है। हरिभूमि गरबा का इटारसी को बेसब्री से इंतजार है। पूरा सोशल मीडिया हरिभूमि गरबा की सूचना, जानकारी, प्रमोशन से भरा हुआ है।

**ईशान अग्रवाल, कालोनाइजर एवं समाजसेवी**

### सामूहिक भक्ति का प्रतीक



हरिभूमि गरबा आयोजन नगर के लिए गौरव है। माता आदि शक्ति की आराधना के पर्व नवरात्रि में गरबा आयोजन सामूहिक भक्ति का प्रतीक है। देवी अपने भक्तो पर हमेशा कृपा बनाए रखती है और मां की तरह ही हर भक्त का अपने बच्चे के रूप में ख्याल भी रखती है। आयोजक समूह को हमारी ओर से शुभकामनाएं इटारसी वासियों को नवरात्रि की बधाई।

**निपुण गोठी**
**युवा व्यवसाई, कालोनाइजर एवं समाजसेवी**

### नर्मदा कालेज में कॅरियर मेले का आयोजन कल

**नर्मदापुरम।** शासकीय नर्मदा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 19 सितंबर को प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक जिले के समस्त विद्यार्थियों हेतु करियर अवसर मेले का आयोजन किया गया है । इस मेले में विभिन्न गैर सरकारी संस्थाओं, उद्यमियों के प्रतिनिधियों के साथ विद्यार्थी सीधे संपर्क कर अपनी योग्यता के अनुरूप रोजगार की संभावनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। मेले में कई संस्थान अपनी मानव संसाधन आवश्यकता हेतु 19 सितंबर को कालेज में स्पॉट प्लेसमेंट भी करेंगे, इच्छुक विद्यार्थी इसकी तैयारी पूर्व से करते हुए अपने सीवी एवं दस्तावेजों तथा पासपोर्ट साइज फोटो के साथ औपचारिक पहनावे में उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ लेते हुए रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। इस मेले में विभिन्न संस्थाओं के स्टालों के माध्यम से नवीनतम रोजगारों की जानकारी व उनसे संबंधित योग्यताओं की सूचनाओं भी विद्यार्थियों को उपलब्ध हो सकेगी।

## खबर संक्षेप

### विपिन जोशी पुरस्कार से सम्मानित हुईं शिक्षिका कविता



**आमला।** शहर के शिक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली शिक्षिका कविता शर्मा को पिछले दिनों इटारसी में आयोजित विपिन जोशी पुरस्कार से सम्मानित किया गया है, यह पुरस्कार विपिन जोशी स्मारक समिति द्वारा हर वर्ष दिया जाता है। इस वर्ष देश भर के 40 शिक्षक शिक्षिकाओं को इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। प्रतिभावान शिक्षिका कविता शर्मा को शिक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया है, उनकी इस उपलब्धि पर शहर के अनेक गणमान्य लोगों ने उनको बधाई दी है बधाई देने वालों में विजय शुक्ला,अनिल पाठक, किशोर शर्मा, उल्हास जोशी, पुष्पा शर्मा,महेश शर्मा, राजेंद्र उपाध्याय, नीलम शर्मा, सुनील मिश्र सहित कई लोग शामिल है।

### कल धूमधाम से मनाई जाएगी बलराम जयंती

**बैतूल।** भारतीय किसान संघ के बैनर तले कल 19 सितम्बर को बलराम जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। जिसमें रैली समय 2 बजे से निकाली जाएगी और कलेक्टर भवन पहुंच कर ज्ञापन सौंपेगी। संघ के जिला अध्यक्ष केशोराव साकरे ने बताया कि संघ के प्रांतीय अध्यक्ष सर्वज्ञ दीवान के साथ प्रदेश के दिग्गज नेता मौजूद रहेंगे। श्री साकरे ने सभी कृषक बंधुओं से उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### केंद्रीय राज्य मंत्री ने हमलापुर टेकरी पर किया पौधरोपण

**बैतूल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्म दिवस के अवसर पर 17 सितंबर को सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के प्रातः 8.30 बजे हमलापुर टेकरी पर पौधरोपण किया। कार्यक्रम में राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त व मध्य प्रदेश जनपरिषद अभियान उपाध्यक्ष मोहन नागर, सुधाकर पवार, आनंद प्रजापति सहित अन्य पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे। इस अवसर पर लगभग 75 पौधों का रोपण किया गया।

### कढ़ाई गौशाला का किया निरीक्षण



**बैतूल।** कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देशानुसार बुधवार को पशुपालन विभाग के डिप्टी डायरेक्टर और नगर पालिका बैतूल सीएमओ सतीश मत्सानिया ने कढ़ाई गौशाला का निरीक्षण किया। इस अवसर पर सृजन भारती समिति के सदस्य बलराम जसूजा, सचिव विजय हरोडे सहित विभाग की ओर से डॉ. यशपाल सिंह चौहान, विकासखंड पशु चिकित्सा अधिकारी बैतूल एवं सहायक एवीएफओ विनीत धुर्वे भी मौजूद रहे। गौशाला में घायल और बीमार पशुओं के निरंतर उपचार की सराहना करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि अवर्णित नस्ल के सभी सांडों का 100 प्रतिशत बधियाकरण कराया जाए। साथ ही प्रजनन योग्य मादा गायों में उन्नत नस्ल सुधार के लिए सेक्स सॉर्टेड सीमन का उपयोग किया जाए।

### अटल सेना ने सौंपा ज्ञापन

**बैतूल।** अटल सेना द्वारा वृद्धा विधवा दिव्यांग एवं अन्य जन्म कल्याणी पेंशन में वृद्धि करने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम से जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। इस संबंध में संघ के प्रांत अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह चौहान (केन्डु बाबा) ने बताया कि संगठन की मुख्य मांग है कि वृद्धा विधवा बहनों की पेंशन 1500 रूपए हर माह मिले, दिव्यांग बहू विकलांग भाइयों और बहनों की पेंशन हर महीने 3000 रुपए मिले, पूर्व में मनीआर्डर द्वारा पेंशन प्राप्त होती थी उसे लागू किया जाए।

---

फोरलेन पर मीडियन कट नहीं होने से डिवाइडर पर चढ़कर हो रहे पार

# जान जोखिम में डालकर एक लेन से दूसरी लेन पर पहुंच रहे वाहन चालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

एनएचएआई ने बैतूल से इटारसी तक 52 किलोमीटर फोरलेन तो बनवा दिया। लेकिन इसके बीच में बने डिवाइडरों में सडक़ के इस पार से उस पार जाने के लिए मीडियन कट नहीं दिए। नतीजा यह है कि मजबूरन ग्रामीण वाहन चालक खतरा मोल लेकर गलत तरीके से सडक़ पार कर रहे है। हालात यह है कि वाहन चालक डिवाइडर पर वाहन चढ़ाकर मिट्टी में फिसलते और दुर्घटना से जैसे-तैसे बचते हुए दूसरी ओर जा रहे हैं।

इससे दुर्घटनाएं भी हो रही हैं, लेकिन एनएचएआई और बनाने वाली कंपनी को लोगों की सुविधाओं से कोई सरोकार नहीं है। बता दे कि बैतूल- इटारसी फोरलेन के 72 किमी में से 51 किमी सडक़ बनी है। लेकिन इस सडक़ को बनाने में रास्ते में दोनों ओर पडऩे वाले गांवों के ग्रामीणों का कोई ध्यान नहीं रखा गया है। वैसे तो नियमों के अनुसार हर दो किलोमीटर पर डिवाइडर के बीच में मीडियन कट दिया जाता है जिससे स्थानीय वाहन चालक बिना लंबा फेरा लगाए दूसरी ओर जा सकें, लेकिन यहां ऐसा नहीं किया है। जिसके कारण वाहन चालकों और ग्रामीणों ने खुद कई जगह पर डिवाइडर तोडक़र रास्ते बना लिए हैं। अब इन जगहों पर वाहनों के लिए दूसरी ओर जाना बेहद मुश्किल हो रहा है है, पेड़ पौधे लगाने के लिए जो मिट्टी डाली है उस पर वाहन स्लिप हो रहे हैं। यहां दोनों लाइनों पर वाहन 100 से 120 किमी की औसत रफ्तार से भागते हैं। ऐसे में यदि वाहन स्लिप होते हैं तो इससे भीषण दुर्घटना होने का खतरा बना हुआ है।



फाइल फोटो

## इन जगहों पर सबसे ज्यादा हो रही दिक्कत

नेशनल हाईवे पर उड़दन के पास मीडियन कट नहीं छोड़े गए हैं। जिससे यहां ग्रामीण वाहन चालक डिवाइडर पर वाहन चढ़ाकर सडक़ की दूसरी ओर जाते है। यहीं हाल पाढर और नीमपानी में भी है। यहां दो जगहों पर मीडियन कट नहीं दिए जाने से ग्रामीण दूसरी ओर नहीं जा पा रहे हैं। एक जगह पर डिवाइडर पर चढक़र जाते हैं, लेकिन अब यहां इतना कीचड़ हो गया है कि वाहन स्लिप होकर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। आरटीओ कार्यालय साकादेही के सामने सबसे ज्यादा जरूरत होने के बावजूद मीडियन कट नहीं दिया है। कार्यालय से एक-एक किलोमीटर दूर मीडियन कट दिए हैं। लोगों ने डिवाइडर तोडक़र रास्ते बना लिए हैं।

### लोगों ने तोड़े डिवाइडर बनाया रास्ता

नेशनल हाइवे फोरलेन मार्ग के बीच डिवाइडर बनाकर उसमें पौधे लगाए गए है। लेकिन लोगों ने अपनी सुविधा के अनुसार डिवाइडर को तोडक़र रास्ता बना लिया है। जिससे एक लेन से दूसरे लेन पर पहुंचते हैं। डिवाइडर तोडक़र बनाए गए रास्ते से दो पहिया और चार पहिया वाहन भी निकलते हैं। इस दौरान थोडी सी लापरवाही हादसे का कारण बनते जा रही है। इसके बाद भी एनएचएआई इस ओर ध्यान नहीं दे रही है। हाइवे पर गांवों के जोड़ सहित अन्य जगहों पर डिवाइडर टूटे हुए है। कई जगहों पर वाहन चालक डिवाइडर पर गाडी चढ़ाकर एक से दूसरी ओर आते-जाते है। इस दौरान हाइवे से तेज गति से गुजरने वाले वाहनों से टक्कर हो रही है। सबसे अधिक घटनाएं रात के समय हो रही है। डिवाइडर के बीच से बाइक सहित अन्य वाहन निकालने के दौरान हाइवे से गुजरने वाले वाहनों की गति का अंदाजा नहीं लग पाता है। डिवाइडर से हाइवे पर वाहन पहुंचते ही टक्कर हो जाती है।

### 72 किमी में से 51 किमी ही बनी सडक़

बैतूल से इटारसी के बीच 650 करोड़ की लागत से 72 किलोमीटर फोरलेन बनाया जा रहा है। इसमें से 21 किमी में काम रुका हुआ है। लेकिन जो 51 किमी सडक़ बनी है उसमें भी मीडियन कट सही जगह पर नहीं बनाए हैं। पांच साल के गारंटी पीरियड में ठेका कंपनी जितेन्द्र सिंह एंड कंपनी काम कर रही है। जानकार बताते है कि आमतौर पर सडक़ के दूसरी ओर जाने के लिए फोरलेन सडक़ पर मीडियन कट बनाए जाते हैं। यदि वाहन चालक डिवाइडर पर चढक़र खतरनाक ढंग से दूसरी ओर जा रहे हैं, यानी मीडियन कट सही जगहों पर नहीं दिए गए हैं। लोगों की सुविधा और जरूरत के हिसाब से मीडियन कट बनाए जाने चाहिए। लेकिन एनएचएआई के अधिकारियों का इस ओर ध्यान नहीं है।

### व्यवस्था बनाई जाएगी

जहां बहुत जरूरत थी, वहां मीडियन कट बनाए हैं। यदि इस तरह की स्थिति बन रही है तो इंजीनियरों को मुआयना करने को कहा जाएगा। लोगों को परेशानियां नहीं हो इसके लिए नियमानुसार व्यवस्था बनाई जाएगी।

**- मनीष मीणा, प्रोजेक्ट डायरेक्टर, एनएचएआई**

---

आयुष कार्यालय में विभागीय विषयों पर की समीक्षा बैठक

## आयुष विभाग ने 484 बच्चों को कराया स्वर्ण प्राशन



**बैतूल।** आयुष विभाग द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला आयुष अधिकारी डॉ. योगेश चौकीकर द्वारा की गई। दसवां आयुर्वेद दिवस 23 सितंबर को मनाया जाना है, जिसके लिए जिला आयुष अधिकारी द्वारा महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। बताया कि स्वस्थ नारी सशक्त परिवार, सिकल सेल रोगियों का फॉलो अप लेना, आदि कर्मयोगी प्रशिक्षण, आई गोट मिशन कर्मयोगी भारत अभियान के अंतर्गत सभी अधिकारियों को दो या अधिक कोर्स करवाए गए। सेवा पखवाड़ा 2 अक्टूबर तक चलेगा। 17 सितंबर को पुष्य नक्षत्र का दिन होने के कारण प्रत्येक माह की तरह इस माह भी स्वर्ण प्राशन का आयोजन किया गया। स्वर्ण प्राशन आयोजन में डाबर कंपनी का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। सभी पालकों ने अपने-अपने बालक बालिकाओं को उत्साह पूर्वक स्वर्ण प्राशन करवाया। शासकीय आयुर्वेद जिला चिकित्सालय टिकारी में 323 लाभार्थी, शासकीय जिला आयुष विंग बैतूल में 92 लाभार्थी, शासकीय आयुर्वेद औषधालय गर्ग कॉलोनी में 69 लाभार्थी सहित कुल 484 बच्चों को आयुष विभाग द्वारा स्वर्ण प्राशन करवाया गया।

वर्कशॉप व वाहनों का किया पूजन, बांटा प्रसाद

आरती-पूजन में शामिल हुए कर्मचारी

## नगरपालिका में मनाई विश्वकर्मा जयंती



**सारनी।** नगर पालिका परिषद सारनी के सभी स्टोर, गैराज व अन्य स्थानों पर बुधवार विश्वकर्मा भगवान का पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें जनप्रतिनिधियों के अलावा नगर पालिका के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित हुए। विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर बुधवार को वार्ड 1 स्थित नगर पालिका के वर्कशॉप, स्टोर, वार्ड 22 स्थित ट्रैचिंग ग्राउंड, सारनी एवं पाथाखेड़ा फायर स्टेशन, पाथाखेड़ा स्थित ई-लाईब्रेरी, वाहन, विद्युत, सामान्य प्रशासन एवं विद्युत स्टोर, गैराज में विश्वकर्मा जी का पूजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, उपाध्यक्ष जगदीश पवार, पार्षदगण समेत अन्य लोगों ने पूजन किया। इस अवसर पर केके भावसार, सुखदेव बोरहपी, गुरूस्वामी एरूलू, दिलीप भालेराव, राजेश वागद्रे, लक्ष्मण पंडाग्रे, श्रीपत काटोलकर समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

---

नपा भवन निर्माण की जांच करने पहुंचे इंजीनियर

## नपा इंजीनियर ने ठेकेदार की लगाई क्लास कहा- गुणवत्ता से परहेज बर्दाश्त नहीं

**आमला।** नपा भवन निर्माण के दौरान शिकायतों के बाद नपा इंजीनियर सुभाष शर्मा ने बुधवार को निर्माणाधीन भवन निर्माण का मौका मुआयना किया और गुणवत्ता की जांच की इस दौरान इंजीनियर शर्मा ने ठेकेदार और कर्मचारियों को कड़े निर्देश भी जारी किए हैं। दरअसल अभी हाल ही में नगर पालिका के नए भवन निर्माण का काम शुरू हुआ है, नगर पालिका भवन निर्माण 2 करोड़ की राशि से बनाया जाना है। किंतु अपने शुरुआती दिनों में ही कुछ लोगों की यहां शिकायतें सामने आई थी कि यहां गुणवत्तापूर्ण काम नहीं किया जा रहा है, शिकायत के बाद इंजीनियर शर्मा ने मौके पर पहुंचकर ठेकेदार की क्लास लगा दी, और साफ-साफ कह दिया है कि



कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी तरह की कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, इंजीनियर ने ठेकेदार और यहां काम कर रहे कर्मचारियों को हिदायत देते हुए यहां तक कह दिया है कि अगर नपा भवन निर्माण में किसी तरह की लापरवाही सामने आती है, तो वैधानिक कार्रवाई भी की जाएगी। इस मौके पर इंजीनियर ने काम में तेजी लाने की भी निर्देश दिए हैं गौरतलब है कि कोर्ट के सामने बन रहे नए नपा भवन को पूर्ण करने की अवधि एक वर्ष तय की गई है।

**नियम से हो रहा निर्माण कार्य-** इधर नपा इंजीनियर की सख़्ती के बाद नपा भवन का निर्माण कर रही कंपनी ने कहा है कि यहां निर्माण कार्य एस्टीमेट के अनुसार ही किया जा रहा है, शिकायत करने तकनीकी रूप से यहां लिखित रूप में कोई बताए तो की गड़बड़ी आखिर कहां हो रही है तो कुछ सुधार किया जाए, कुछ कथित लोग बिना किसी तकनीक के शिकायत कर रहे हैं जिसका कोई जवाब नहीं है, निर्माण कर रही एजेंसी ने कहा है कि कोई भी कभी भी यहां आकर कार्यों की गुणवत्ता देख सकता है।

**पीएम स्वनिधि योजना फिर शुरू -** छोटे-छोटे व्यापार आदि के माध्यम से अपनी जीविका चलाने वाले लोगों को आर्थिक सहायता के लिए पीएम स्वनिधि योजना शासन द्वारा फिर शुरू की जा रही है। नगर पालिका द्वारा बताया गया है कि पीएम स्वनिधि योजना में शहर के अभी तक डेढ़ हजार से ज्यादा लोगों को इस योजना का लाभ दिया जा चुका है, बीते कुछ माह से योजना बंद थी अब इसे पुनः शुरू किया जा रहा है।

---

शाहपुर में बंद कमरे में की बात, सरकारी वाहनों से वापस भेजा

## कलेक्टर से मिलने पैदल निकले छात्र

**बैतूल।** शाहपुर स्थित एकलव्य छात्रावास में अव्यवस्थाओं से परेशान छात्र बुधवार को बैतूल कलेक्टर से शिकायत करने के लिए पैदल ही निकल पड़े। लगभग 36 किलोमीटर लंबी दूरी तय करने का इरादा लेकर निकले छात्रों के बरेठा घाट तक पहुंचने की सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आ गया। पुलिस और प्रशासन ने बच्चों को रास्ते में रोककर समझाने की कोशिश की, लेकिन वे नहीं माने। इसके बाद स्थिति गंभीर होती देख कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी खुद शाहपुर पहुंचे और बच्चों से सीधे संवाद किया। उन्होंने बच्चों की बातों को गंभीरता से सुना और वाहनों की व्यवस्था कर उन्हें छात्रावास वापस भेजा। कलेक्टर सूर्यवंशी ने छात्रों से करीब डेढ़ घंटे तक बंद कमरे में बातचीत की। इस दौरान बच्चों ने खुलकर अपनी समस्याएं बताईं। छात्रों ने कहा कि छात्रावास में उन्हें अच्छा खाना नहीं मिलता, मेडिकल



सुविधाओं का अभाव है और भवन में कई मरम्मत और सुधार कार्य अधूरे हैं। इसके अलावा, बच्चों ने स्कूल के प्रिंसिपल, नर्स और काउंसलर के खिलाफ भी शिकायत दर्ज कराई। कलेक्टर ने भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं पर तत्काल कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर की मौजूदगी की जानकारी मिलते ही शाहपुर एसडीएम, तहसीलदार और एसडीओपी भी मौके पर पहुंच गए। कलेक्टर सूर्यवंशी ने छात्रावास का निरीक्षण किया और अव्यवस्थाओं को देखकर नाराजगी जताई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि छात्रावास की सभी समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान किया जाए। साथ ही, बच्चों की सुरक्षा और सुविधाओं को लेकर जिम्मेदारों से जवाब-तलब भी किया जाएगा। स्थानीय लोगों ने बताया कि एकलव्य स्कूल केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का हिस्सा हैं। इन स्कूलों का उद्देश्य आदिवासी बच्चों को बेहतर शिक्षा और सुविधाएं उपलब्ध कराना है। शाहपुर के एकलव्य छात्रावास में सामने आई अव्यवस्थाएं इस योजना पर सवाल खड़े करती हैं। स्थानीय लोग और छात्र पेरेंट्स भी इस घटना से चिंतित हैं। उनका कहना है कि यदि समय पर सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए तो बच्चों की पढ़ाई और सुरक्षा दोनों पर असर पड़ेगा।

---

प्रदर्शनी में दिखा मोदी का जीवन संघर्ष, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर भाजपा का सेवा पखवाड़ा अभियान शुरू

# प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर युवाओं ने किया 312 यूनिट रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75 वें जन्मदिन पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा बुधवार को सेवा पखवाड़ा अभियान प्रारंभ किया गया। भाजपा जिला कार्यालय विजय भवन में इस अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया एवं नरेंद्र मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई। रक्तदान एवं प्रदर्शनी का शुभारंभ केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उइके, जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर, भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार, विधायक डॉ योगेश पण्डागरे, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, नपाध्यक्ष पार्वती बारस्कर, भाजपा जिला महामंत्री एवं सेवा पखवाडा के जिला संयोजक कमलेश सिंह ने भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वल्लन कर किया। जिला




भाजपा द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी में नरेंद्र मोदी के बचपन से लेकर प्रधानमंत्री के रूप में तीसरी बार शपथ लेने तक की यात्रा, उनका जीवन संघर्ष एवं उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया है। 1965 के युद्ध में सैनिकों की मदद, आपातकाल में भूमिगत होकर आंदोलन को संचालित करने, हिमालय यात्रा से लेकर कन्याकुमारी से श्रीनगर तक भारत एकता यात्रा एवं सोमनाथ से अयोध्या तक रामशिला पूजन यात्रा जैसी घटनाओं को प्रदर्शनी में बखूबी दिखाया गया है। इसके अलावा अयोध्या में श्री रामलला के मंदिर का निर्माण, कश्मीर से धारा 370 की समाप्ति जैसी अनेक उपलब्धियों को दर्शाया गया है। भाजपा कार्यकर्ताओं के अलावा बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। सेवा पखवाड़ा के शुभारंभ अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं ने रक्तदान किया एवं सेवा के संकल्प के साथ 312 यूनिट रक्त देकर प्रधानमंत्री श्री मोदी जी को 75 वें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत हमलापूर में आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में सैकडो लोगो का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। हमलापूर में ही स्थित रामवन टेकड़ी पर 75 पौधे लगाकर नमो उपवन तैयार किया गया। सेवा पखवाडा शुभारंभ अवसर पर आयोजित सभी कार्यक्रमो में केंद्रीय मंत्री डीडी उइके, जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर, भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार, विधायक डॉ योगेश पण्डागरे, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, पूर्व जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, वसंत बाबा माकोडे, आदित्य बबला शुक्ला, जिला महामंत्री कृष्णा गायकी, डॉ महेंद्र सिंह चौहान, सेवा पखवाडा जिला टोली के सदस्य रश्मि साहू, डॉ अरुण जयसिंगपुरे, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष भास्कर मागरदे, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ममता मालवीय, अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष सीताराम चढोकार आदि रहे मौजूद।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित



**सारनी।** नगर पालिका परिषद सारनी के सभाकक्ष में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर लक्षित सार्वजनिक स्थानों पर सामूहिक सफाई, स्वच्छता हेतु शपथ ग्रहण एवं धार से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। नगरपालिका सभाकक्ष में कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 11 बजे हुई। इस अवसर पर धार में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित किया। धार से विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की शुरूआत भी की। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, उपाध्यक्ष जगदीश पवार, विधायक प्रतिनिधि सुधा चंद्रा, पार्षद भीम बहादुर थापा, विनय मदने समेत अन्य लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से प्रारंभ सेवा कार्यक्रम 2 अक्टूबर तक चलेगा। उन्होंने सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई। आभार प्रदर्शन नगर पालिका उपाध्यक्ष जगदीश पवार ने किया।

## स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान शुरू



**सोहागपुर।** नप सोहागपुर कार्यालय में बुधवार को 'स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार' अभियान के शुभारंभ का सीधा प्रसारण कार्यक्रम किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धार जिले में अभियान की शुरुआत की। इस दौरान जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सीधा प्रसारण देखा। भाजपा सोहागपुर मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के अभियान के शुभारंभ का सीधा प्रसारण सभी ने देखा है। सोहागपुर बीएमओ डॉ. रेखा सिंह गौर ने बताया कि 17 सितंबर से दो अक्टूबर 2025 तक यह अभियान संचालित होगा। जिसमें नारी स्वास्थ्य से संबंधित गतिविधियां नियमित रूप से संचालित होंगी। उन्होंने बताया कि नप कार्यालय के समक्ष स्वास्थ्य विभाग ने स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता का स्टॉल भी लगाया। जिसका सभी ने अवलोकन किया। कार्यक्रम दौरान विधायक विजयपाल सिंह, पूर्व विधायक सविता दीवान शर्मा, सोहागपुर जपं अध्यक्ष जालम सिंह पटेल, उपाध्यक्ष राघवेंद्र रघुवंशी, नप सोहागपुर अध्यक्ष लता पटेल, उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, एसडीएम प्रियंका भल्लावी, सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों के लिए सुविधाएं बढ़ाने में सहयोग कर रहे दानदाता

# शास शिक्षक-शिक्षिकाओं ने की थी अभियान में पहल, जुड़ रहे आमजन

कलेक्टर नर्मदापुरम के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा केंद्र नर्मदापुरम डीपीसी डॉ. राजेश जायसवाल द्वारा 'एक पंखा पितरों के नाम अभियान' प्रारम्भ किया गया है। जिसके तहत सोहागपुर क्षेत्रांतर्गत भी अभियान में शासकीय शिक्षकों व शिक्षिकाओं सहित आमजन इसमें सहभागी बन रहे हैं।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

कलेक्टर नर्मदापुरम के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा केंद्र नर्मदापुरम डीपीसी डॉ. राजेश जायसवाल द्वारा 'एक पंखा पितरों के नाम अभियान' प्रारम्भ किया गया है। जिसके तहत सोहागपुर क्षेत्रांतर्गत भी अभियान में शासकीय शिक्षकों व शिक्षिकाओं सहित आमजन इसमें सहभागी बन रहे हैं।

सोहागपुर जनपद शिक्षा केंद्र से बीआरसी राकेश रघुवंशी, सोहागपुर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्राचार्या सुनीता गढ़वाल, सीएसी राजेश दीक्षित तथा जनशिक्षक अशोक गज्जाम की प्रेरणा से शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संकुल केंद्र के विद्यालयों में अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान में गत दिवस प्रतिमा देवी राजपूत ग्राम ईशरपुर द्वारा माध्यमिक शाला ईशरपुर के लिये दो-दो पंखे, हरी नेट व कुर्सी सहित प्राथमिक शाला ईशरपुर के लिये 20 लीटर क्षमता की पानी की टंकी, एक ट्रे एवं छह गिलास दिए गए हैं। जिसकी शिक्षा विभाग सहित समस्त शासकीय विभागों के प्रमुखों ने सराहना की है। सोहागपुर बीआरसी राकेश रघुवंशी ने बताया कि अभियान अभी भी जारी है तथा पितृपक्ष में जारी रहेगा।

### इस तरह हुई शुरुआत

सोहागपुर बीआरसीसी राकेश रघुवंशी ने बताया कि अभियान सोहागपुर क्षेत्र में रंग लाया है। इसकी शुरुआत शासकीय शिक्षकों ने विद्यालयों में पंखे दान करते हुए की थी। जानकारी अनुसार प्रवीण रघुवंशी प्राथमिक शिक्षक अजबगांव ने प्राथमिक शाला रघुवंशीपुरा सोहागपुर में एक पंखा दान दिया था। प्राथमिक शिक्षिकाओं चंद्र कुमारी शर्मा तथा विमला सराठे एवं माध्यमिक शिक्षिका प्रीति साहू ने एक स्टैंड पंखा ईपीईएस मिडिल स्कूल मातापुरा को दान दिया। शकील खान माध्यमिक शिक्षक गर्ल्स स्कूल सोहागपुर ने मिडिल स्कूल मातापुरा में एक सीलिंग पंखा दिया गया है। माध्यमिक शिक्षिका साक्षी साहू व उनके पति सतीश साहू ने करनपुर मिडिल स्कूल के लिए दो सीलिंग पंखे, तीन ट्यूबलाइट, एक कूलर तथा लाइट फिटिंग की सामग्री उपलब्ध कराई है। भरत साहू ने एक सीलिंग पंखा प्राथमिक शाला कलमेशरा को दिया है। बलराम पटेल ने माध्यमिक शाला किशनपुर के लिये एक पानी की टंकी दी है।

**मिल रहा सहयोग**

"एक पंखा पितरों के नाम अभियान को सोहागपुर क्षेत्र में अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित अन्य दानदाता भी सरकारी स्कूलों में सामग्री दान कर रहे हैं।"-
राकेश रघुवंशी, बीआरसी, सोहागपुर।

# 23 सालों बाद हुई पचमढ़ी की जीत अब बन सकेंगे ग्राउंड प्लस 3 फ्लोर

**सुप्रीम कोर्ट में चल रहे मामले में आया फैसला**

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी



पचमढ़ी में निर्माण कार्यों पर रोक का मामला कई सालों से चल रहा था , जिसकी शुरुआत 21 नवंबर 2002 के आसपास हुई थी। यह मामला मुख्य रूप से पचमढ़ी के एक वन्यजीव अभयारण्य और बायोस्फीयर रिजर्व क्षेत्र में आने के कारण शुरू हुआ। 23 सालों से चल रहे है इस मामले को लेकर पचमढ़ी वासी काफी समय से परेशान थे।

### रोक का कारण

वन्यजीव संरक्षण अधिनियम पचमढ़ी का एक बड़ा हिस्सा सतपुड़ा टाइगर रिजर्व और पचमढ़ी वन्यजीव अभयारण्य के अंतर्गत आता है। इस अधिनियम के तहत, संरक्षित क्षेत्रों में किसी भी प्रकार के नए निर्माण पर सख्त प्रतिबंध होता है ताकि वन्यजीवों और उनके प्राकृतिक आवास को बचाया जा सके।

### अनाधिकृत निर्माण

साल 2002 में, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की गई थी, जिसमें पचमढ़ी में हो रहे अवैध निर्माणों को रोकने की मांग की गई थी। इसके बाद, न्यायालय ने कई अनाधिकृत निर्माणों को हटाने और नए निर्माणों पर रोक लगाने के निर्देश दिए।

निर्माण कार्य पर लगे रोक के दौरान परेशान से शहर वासी : पचमढ़ी की भौगोलिक स्थिति को देखें तो यहाँ रहने के लिए काफी सीमित जगह ही उपलब्ध है ऐसे में निर्माण पर लगे रोक से जनता काफी परेशान थी। 23 सालों के दौरान जनसंख्या में आए बदलाव को पचमढ़ी की सीमित जगह में कैसे निवास मिले इस पर भी काफी चिंता बनी हुई थी। कई घरों में यह देखने को मिला कि सीमित जगह(कम प्लाट साइज ) और निर्माण कार्य ना होने के कारण शादी भी नहीं हो पा रही थी। जहां विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण में ग्राउंड प्लस प्रथम फ्लोर बनाने की अनुमति थी उसके विपरीत मांग करने वाले चाह रहे थे कि पचमढ़ी छावनी क्षेत्र में ग्राउंड प्लस तीन फ्लोर बनाने की अनुमति दी जाए। इस मांग का मूल उद्देश्य यह था कि विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले प्लाट साइज काफी बड़े है एवं छावनी क्षेत्र जहां पचमढ़ी टाउन स्थित है उसमें प्लाट साइज काफी छोटे हैं जिसके कारण लगातार मांग की जा रही थी यहां एक नहीं तीन फ्लोर बनाने की अनुमति दी जाए।

## गोद ग्राम में हुआ सेवा पखवाड़े का शुभारंभ, किया जागरुक



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखन नगर के गोद ग्राम जावली में इको क्लब ,राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा रैली के माध्यम से स्वच्छता पखवाड़ा अभियान की शुरुआत की गई।

रैली के साथ-साथ नुक्कड़ सभा आयोजित कर घरों के आसपास गंदगी ना होने दे, गंदे एवं जमा हुए पानी से मच्छरों का प्रकोप बढ़ता है है पानी जमा ना होने दे एवं शासन के द्वारा चलाई जाने वाली विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी, अधिक से अधिक पौधारोपण कर वातावरण को प्रदूषण मुक्त किया जा सकता है, आदि अनेक संदेश ग्राम वासियों के मध्य सांझा किये। जागरूकता रैली में महाविद्यालय स्टाफ सहित स्थानीय निवासियों ने भी भाग दिया।

## महिला एवं बाल विकास विभाग का पोषण जागरूकता कार्यक्रम प्रारंभ, लगाई पौष्टिक व्यंजनों की प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर




महिला एवं बाल विकास विभाग का पोषण जागरूकता माह बुधवार से शुरू हुआ। इस अवसर पर शहर में पोषण आहार तथा व्यंजन प्रदर्शनी का आयोजन विभाग ने किया।

महिला एवं बाल विकास विभाग सोहागपुर परियोजना अधिकारी जसिंता तिग्गा ने कहा कि पोषण माह में बुधवार को गर्भवती और स्तनपान करने वाली माताओं के लिए परामर्श सत्र आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि 18 सितंबर को बच्चों व किशोरियों में मोटापे की पहचान का शिविर, 19 सितंबर को व्यंजन प्रतियोगिताएं, 20 सितंबर को आभा अभियान, 22 सितंबर को आंगनवाड़ियों में एक्टिविटी, 23 सितंबर को स्थानीय उत्पादों के प्रति जागरूकता, 24 सितंबर को आंगनवाड़ी व आशा कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण, 25 सितंबर को फिटनेस चैलेंज तथा सामुदायिक खेल दिवस, 26 सितंबर को मस्तिष्क विकास पर पुरुषों में जागरूकता, 27 सितंबर को कुपोषित माताओं के साथ संवाद, 29 सितंबर को शिक्षक तथा अभिभावक मीटिंग एवं 30 सितंबर को स्व निर्मित स्वदेशी खिलौने व स्थानीय व्यंजन प्रचार कार्यक्रम होंगे। ये सभी कार्यक्रम आंगनवाड़ी, परियोजना व जिला स्तर पर आयोजित होंगे। एक से 16 अक्टूबर तक भी कार्यक्रम होंगे।

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शहर में आयोजित की गई पोषण आहार एवं पोषक व्यंजन प्रदर्शनी का भाजपा सोहागपुर मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज, नप अध्यक्ष लता यशवंत पटेल, नप उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल, पार्षद रविशंकर उईके आदि ने अवलोकन किया।

## ग्रामीण अंचलों में 2 अक्टूबर तक स्वच्छ उत्सव मनाया जाएगा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद

स्वच्छता ही सेवा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छ उत्सव मनाया जा रहा है उसी के अंतर्गत मुक्तिधाम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर सरपंच चेतन मीणा द्वारा माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की मुक्तिधाम एवं श्री राम मंदिर में श्रमदान किया गया स्वच्छता प्रेरक अजय सिंह राजपूत ने ग्रामीणों से अपील की राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने जिस भारत का सपना देखा था उसमें सिर्फ राजनीतिक आजादी ही नहीं थी बल्कि एक स्वच्छ एवं विकसित देश की कल्पना की थी अब हमारा कर्तव्य की गंदगी को दूर करके भारत माता की सेवा करें ।

पंचायती राममंदिर में सफाई के पश्चात ग्राम वासियों ने स्थानीय मुक्तिधाम पहुंच कर साफ सफाई में श्रमदानकिया , स्वच्छता अभियान मे सेमरी भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेश मालवीय, सरपंच चेतन मीना,अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के प्रांत अध्यक्ष राजेंद्र सिंह तोमर ,वरिष्ठ समाजसेवी बृजमोहन पचौरी , नागेंद्र सराठे, निर्मल चौहान ,विनोद मालवीय, मुन्ना विश्वकर्मा एवं सफाई मित्र उपस्थित थे।

## वाद विवाद प्रतियोगिता का किया गया कॉलेज में आयोजन



**पिपरिया।** विकसित भारत सेवा पखवाड़ाके अंतर्गत वाद विवाद पतियोगिता का आयोजन कॉलेज परिसर में किया गया। 24विदयारथी ने भाग लिया । प्राचार्य डॉ राजीव महेश्वरी के दारा विकसित भारत विषय पर उद्बोधन दिया गया इस अवसर पर महाविद्यालयके प्रशासनिकअधिकारी डॉ एसके मेहरा ने विकसित भारत की अवधारणा परविचार रखें। डॉ अनीता सेनके द्वारा सेवा पखवाड़े पर प्रकाश डाला। वादविवाद प्रतियोगिता प्रभारी जयराम दायरे बीना सनोडिया ने प्रतिभागियों को विजेता घोषितकिया। प्रथमस्थान प्रियांक साहु सहित अन्य शिवानी मेहरा,आनंद मेहरा, मुस्कान खान दुर्गेश सूर्यवंशी, रोहित सोलंकी तथा अन्य अधिकारियोंकी टीम में शामिल सभी प्रोफेसर उपस्थित रहे।

## सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ हुआ स्वच्छता पौधरोपण व खेल महोत्सव से जुड़ी पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर नगर मंडल सिवनी मालवा में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है, जिसमें स्वच्छता, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और समाज सेवा से जुड़े विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

कार्यक्रम के प्रथम दिन शिवराज पार्क में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसके अंतर्गत पार्क की साफ-सफाई, कचरा निस्तारण और पौधारोपण किया गया। इसके साथ ही शहीद गैलरी और नगर के प्रमुख मंदिरों में भी सफाई अभियान चलाया गया। सभी कार्यकर्ताओं ने मिलकर साफ-सफाई करते हुए यह संदेश दिया कि स्वच्छता ही स्वस्थ समाज की नींव है। इसके बाद वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया।

युवा शक्ति को आगे लाने के उद्देश्य से सांसद खेल महोत्सव में युवाओं का पंजीकरण भी कराया गया।

इस पहल का उद्देश्य खेलों के माध्यम से युवाओं को अनुशासन, स्वास्थ्य और टीम भावना से जोड़ना है। बड़ी संख्या में युवाओं ने इस पंजीकरण अभियान में भाग लिया।

## पीएम के जन्मदिन पर भाजपाइयों ने शुरू किया स्वच्छता अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सोहागपुर में भाजपा ने बुधवार को स्वच्छता अभियान शुरू किया। सोहागपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज ने बताया कि मंडल के 55 बूथों पर बूथ अध्यक्ष, पार्टी पद अधिकारी, जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता जुटे एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर स्वच्छता कार्य किया। इस दौरान मंदिर, उद्यान, स्वास्थ्य केंद्र, स्कूलों के आसपास व जलस्रोत किनारे पर सफाई की गई। अभियान के फोटो एवं वीडियो भी संगठन एप पर अपलोड किये गए हैं।

## धूमधाम से मनाई गई विश्वकर्मा जयंती, निकाली शोभायात्रा, विधायक हुए शामिल, किया पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



विश्वकर्मा जयंती के उपलक्ष्य में बुधवार को विश्वकर्मा समाज सोहागपुर द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसके अलावा मंगल भवन में पूजन आयोजन भी किया गया।

सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बताया कि दोपहर में नगर स्थित काली मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान साहू समाज एवं कुशवाहा समाज ने शोभायात्रा का विभिन्न स्थानों पर अभिनंदन किया। नप कार्यालय के समक्ष नपाध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल के नेतृत्व में सुधा श्रीवास, शक्ति मेहरा, संध्या नागवंशी व अन्य साथियों ने यात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। नप के मंगल भवन में शोभायात्रा का समापन आरती व प्रसाद वितरण उपरांत किया गया। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक विजयपाल सिंह, पूर्व विधायक सविता दीवान शर्मा, नपाध्यक्ष लता पटेल, उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, नन्नू छाबड़िया, मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज व पार्षदों सहित विश्वकर्मा समाज संगठन, नवयुवक संगठन के सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

## सांदीपनि स्कूल में शैक्षिक संवाद का किया गया आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

सांदीपनि स्कूल में अगस्त सितंबर मा 2025 के शैक्षिक संवाद का आयोजन किया गया इस अवसर पर प्राथमिक विभाग की शिक्षिका कंचन पचौरी को मां के सर्वश्रेष्ठशिक्षक कासम्मान दिया गया।शिक्षक मनीष जैन द्वारा हम शिक्षक हैं। शिक्षा की तस्वीर बदलदेगे गीत से संवाद का प्रारंभ किया गया। शिक्षक पी,एन, दुबे द्वारा रेमेडियल कक्षाओं का संचालनके लिए कक्षा 5एवं10तक त्रैमासिक परीक्षा के बाद विषय वार डी एवं ई ग्रेड के विद्यार्थियों के लिए किया जाता है। श्वेता पालवाल द्वारा पियर लर्निंग रोचक गतिविधियों और विद्यार्थी के पढ़ने पर डर और असफलता की भावना कोहराने के संबंध में विचार प्रस्तुत किया। यामिनी पटेल ने त्रैमासिक परीक्षा की रिपोर्ट दी। श्रीराम गुप्ता ने संबंधीजानकारीबदी।मेघा वर्मा ने भी विचार व्यक्त किए। राजकिशोर सिंह ने भी चर्चा की ममता साहु ने विद्यार्थी प्रोत्साहन परचर्चा की।

**नागरिकों ने की शिकायत**

## इटारसी में हुई रॉयल सिटी के अवैध निर्माण के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



रॉयल सिटी के संचालक और बिल्डर अमरजीत सिंह चावला पर अतिक्रमण और अवैध निर्माण का आरोप लगाया गया है। इस संबंध में एक शिकायत पत्र पुलिस अधीक्षक और संबंधित अधिकारियों को दिया गया है, जिसमें मांग की गई है कि अवैध निर्माण को तुरंत रोका जाए।

शिकायतकर्ता कुपेश यादव और नेहा कुमार यादव ने पत्र में बताया है कि वे रॉयल सिटी, सनखेड़ा नाका के पास स्थित एक कॉलोनी के निवासी हैं। कॉलोनी में सार्वजनिक रास्ता मौजूद है, जिस पर अमरजीत सिंह चावला अवैध निर्माण कार्य करवा रहे हैं। पत्र में यह भी कहा गया है कि जब उन्होंने इस काम का विरोध किया, तो अमरजीत सिंह चावला ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया और काम बंद करने से मना कर दिया।

शिकायत में कहा गया है कि अमरजीत सिंह चावला खुद को बहुत प्रभावशाली बताकर, रास्ते को जबरन बंद करने की कोशिश कर रहे हैं। इससे वहां के निवासियों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। शिकायतकर्ताओं ने अधिकारियों से इस मामले में जल्द हस्तक्षेप करने और अवैध निर्माण को रोककर दोषियों पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

## स्वच्छता के लिए ली गई शपथ, अभियान हुआ शुरू



**पिपरिया।** भारतीय जनता पार्टी के विधायक ठाकुरदास नागवंशी नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीतनागपाल महिलामोर्चा जिला महामंत्री ममता नागवंशी सविताराज पार्षदमुकेश खटीक नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल, जनपद पंचायत अध्यक्ष पूर्व जिला सतर्कता समिति सदस्य अरविंदराय कमला हीरालाल रघुवंशी जनपद सदस्य सभी महिलाओं सिविल अस्पताल के सभी अधिकारी कर्मचारी सहित अन्य सभी की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया तथा गांधी वार्डके पार्षद लोहिया वार्ड पार्षद कौशल्या ठाकुर की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## स्वच्छता पखवाड़े का हुआ प्रारंभ जगह-जगह की गई सफाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

नगर परिषद द्वारा शासन निर्देशानुसार 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक 15 दिवसीय स्वच्छता पखवाड़े का शुभारंभ नगर परिषद अध्यक्ष रीना आकाश तिवारी एवं समस्त पार्षद जनप्रतिनिधि नगर के गणमान्य नागरिक की उपस्थिति में किया गया। स्वच्छता पखवाड़े की शुरुआत स्थानीय तालब में सफाई कर एवं पौधरोपण के साथ के गई कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता आरएसएस लायंस क्लब नगर व्यापारी संघ पतंजलि योग समिति योग साधना परिवार नगर के गणमान्य नागरिकों एवं आमजन ने सहयोग किया ।_वच्छता पखवाड़े के कार्यक्रम में एस डी एम नीता कोरी सांसद प्रतिनिधि आकाश तिवारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी जी एस राजपूत नगर परिषद के अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे वहीं ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन कर शुरुआत की गई।

## खबर संक्षेप

### आबकारी विभाग ने शराब के अवैध विक्रय के 6 प्रकरण दर्ज

**हरदा।** आबकारी विभाग के दल ने मंगलवार को मदिरा के अवैध विनिर्माण, विक्रय, संग्रहण व परिवहन की रोकथाम हेतु छापामार कार्यवाही की। जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने ने बताया कि आबकारी विभाग के दल ने हरदा क्षेत्र के खेड़ीपुरा व ग्राम नगावा तथा खिरकिया दबिश देकर कुल 23 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब एवं 600 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 के तहत 6 प्रकरण दर्ज किये।

### पिछले 24 घंटों में जिले में 10.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**हरदा।** जिले में गत चौबीस घंटों में 10.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 2.8 मि.मी., टिमरनी में 0 मि.मी., खिरकिया में 36 मि.मी., सिराली में 9 मि.मी. तथा रहटगांव में 3 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 1052.5 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 912.9 मि.मी., टिमरनी में 1194.9 मि.मी., खिरकिया में 1131.7 मि.मी., सिराली में 1047.9 तथा रहटगांव में 975.4 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 17 सितम्बर तक 987.7 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी।

### विभिन्न खेल गतिविधियों का होगा आयोजन

**हरदा।** जन भागीदारी, स्वच्छता, सेवा और जन कल्याणकारी कार्यक्रमों को व्यापक स्वरूप देने तथा नागरिकों में स्वच्छता, सेवा और सामुदायिक उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बुधवार से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में सेवा पखवाड़ा के तहत खेल एवं युवा कल्याण विभाग हरदा द्वारा 17 से 2 अक्टूबर तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। ब्लॉक समन्वयक सलमा खान ने बताया कि अभियान के तहत 18 सितम्बर को उत्कृष्ट विद्यालय हरदा में स्वच्छता रैली व फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार 21 सितम्बर को नमो मैराथन रैली का आयोजन किया जाएगा। यह रैली घंटाघर चौक से प्रातः 8 बजे प्रारम्भ होकर चाण्डक चौक, पोस्ट ऑफिस, प्रताप टाकिज चौक, डूडी हाउस से होकर उत्कृष्ट विद्यालय में सम्पन्न होगी। सलमा खान ने बताया कि इसके अलावा 22 सितम्बर को उत्कृष्ट विद्यालय हरदा में स्वच्छता हरित पौधरोपण, 23 सितम्बर को शासकीय कन्या विद्यालय हरदा में रंगोली प्रतियोगिता, 24 सितम्बर को होलीफेथ कोएड स्कूल हरदा में स्वच्छता शपथ एवं पिट्टू प्रतियोगिता, 25 सितम्बर को बालिका छात्रावास हरदा में चित्रकला प्रतियोगिता एवं श्रमदान, 28 सितम्बर को इंडोर स्पोर्टस काम्प्लेक्स भवन हरदा में योगासन व स्वच्छता गतिविधि व शपथ तथा 2 अक्टूबर को घंटाघर चौक से स्वच्छता रैली का आयोजन किया जाएगा।

### अजीम प्रेमजी फाउंडेशन स्कॉलरशिप के लिए 30 तक ऑनलाइन आवेदन

**सीहोर।** अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा उच्च स्तरीय शिक्षा प्राप्त कर रहीं छात्राओं के लिए 30 हजार रुपये प्रतिवर्ष स्कॉलरशिप दी जाती है। योजना का उद्देश्य सामाजिक एवं आर्थक रूप से वंचित वर्ग की छात्राओं की शिक्षा को प्रोत्साहित एवं सतत बनाए रखने के उददेश्य से प्रारंभ की गई है। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन स्कॉलरशिप का लाभ लेने के लिए प्रथम चरण में 30 सितम्बर 2025 तक आवेदन ऑनलाइन कर सकेंगे। स्कॉलरशिप प्राप्त करने के लिए छात्राओं दवारा दसवीं और बारहवीं की शिक्षा शासकीय विद्यालय से प्राप्त करना आवश्यक है। योजना के लाभ के लिए संस्था द्वारा सभी महाविद्यालय में पंजीयन के लिए सहयोग किया जा रहा है। जिसके तहत समस्त महाविद्यालय में एक दिवसीय कैम्प का आयोजन किया जायेगा । इस योजना से जुड़ी जानकारी के लिए संस्था के कर्मी आशीष कुमार सिंह से संम्पर्क कर सकते हैं।

### 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा अभियान संचालित किया जाएगा

# शिविर में 538 नागरिकों की स्वास्थ्य जांच, 325 लोगों ने किया रक्तदान





हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा

जिले में 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा अभियान संचालित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने धार जिले के ग्राम भैंसोला से स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार, पोषण अभियान और आदि सेवा पर्व, का शुभारंभ किया। स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार, पोषण अभियान और आदि सेवा पर्व, का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बुधवार को जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम भैंसोला में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया। इस अवसर पर हरदा विधायक डॉ. आर.के. दोगने, नगर पालिका अध्यक्ष भारती राजू कमेड़िया, जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह, पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गहलोत, नगर पालिका उपाध्यक्ष अंशुल गोयल, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा, सीएमएचओ डॉ. एच.पी. सिंह सहित जनप्रतिनिधि अधिकारी कर्मचारी व नागरिकगण उपस्थित थे। जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सिंह ने स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार एवं पोषण अभियान के बारे जानकारी दी। स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत बुधवार को माँ रेवा गार्डन हरदा में मेगा स्वास्थ्य शिविर व रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श दिया गया। शिविर में आयुष्मान कार्ड, आभा आईडी निर्माण, असंचारी रोगों की स्क्रीनिंग, एनीमिया एवं सिकल सेल रोगों तथा क्षय रोग सहित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं दी गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने बताया कि अभियान में मुख्य रूप से महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण पर आधारित गतिविधियां सम्मिलित की गई है, जिसका उद्देश्य मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, किशोरियों में पोषण व एनीमिया के प्रति जागरूकता को बढ़ाना, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, कैंसर, एनीमिया एवं सिकल सेल रोगों तथा क्षय रोग कुष्ठ रोग की स्क्रीनिंग किया जाना है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सिंह ने बताया कि शिविर में कुल 538 नागरिकों की स्वास्थ्य जांच की गई। इस दौरान 89 महिलाओं का ए.एन.सी. चेकअप, 156 लोगों की हिमोग्लोबिन, 72 लोगों की हायपरटेंशन व शुगर, 13 महिलाओं की सर्वाइकल कैंसर, 11 लोगों की ओरल कैंसर, 4 महिलाओं की ब्रेस्ट कैंसर व 161 लोगों की टीबी की जांच की गई तथा 13 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इसी प्रकार रक्तदान शिविर में 325 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर में 12 हितग्राहियों के पीएमजेएवाय योजना के कार्ड तथा 25 आयुष्मान कार्ड बनाये गये। इस दौरान 4 महिलाओं को मेजर सर्जरी एवं एक महिला को माइनर सर्जरी के लिये चिन्हांकित कर हायर सेंटर रैफर किया गया।

### अजनाल नदी पर हुआ श्रमदान व किया पौधरोपण



इस अवसर पर नगर पालिका हरदा द्वारा बुधवार को स्वच्छता पखवाड़ा के तहत अजनाल नदी के तट पर श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष भारती राजू कमेड़िया, उपाध्यक्ष अंशुल गोयल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी कमलेश पाटीदार सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी व नागरिकों ने श्रमदान किया। इस अवसर पर अजनाल नदी के तट पर नगर पालिका द्वारा संचालित माँ की बगिया में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कचनार का पौधा रोपा गया।

### अनेक कार्यक्रमों की शुरुआत

# सेवा पखवाड़ा के तहत स्वास्थ्य व रक्तदान शिविर लगाया





हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से लेकर महात्मा गांधी के जन्मदिन 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के तहत जिले में अनेक कार्यक्रमों की शुरुआत की गई है। इस अभियान के तहत ओंकारेश्वर, पुनासा, नर्मदानगर सहित विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता, स्वास्थ्य और रक्तदान संबंधी गतिविधियां आयोजित की गईं। ओंकारेश्वर में प्रभारी मंत्री का दौरा रद्द हो गया, लेकिन सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल और विधायक नारायण पटेल सुबह 8 बजे ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग पहुंचे। उन्होंने मंदिर परिसर व ब्रह्मपुरी घाट पर स्वच्छता अभियान के तहत झाड़ू लगाई। इस दौरान सांसद पाटिल ने स्वच्छता सेवा दूतों को सम्मानित किया। इसके बाद दोनों ओंकारेश्वर स्थित वृद्धा आश्रम पहुंचे, वृद्धजनों का सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

सांसद पाटिल ने ओंकारेश्वर के बाद पुनासा का रुख किया। वहां उन्होंने हेल्थ चेकअप शिविर में भाग लिया। इसके अतिरिक्त नगर परिषद पुनासा द्वारा आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में भी उन्होंने भागीदारी की। नर्मदानगर में एनएचडीसी परियोजना क्षेत्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय नागरिकों ने स्वैच्छिक रक्तदान कर अभियान में योगदान दिया। स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत पुनासा में जिला स्तरीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें फ्री जांच और स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। जिले के सभी सिविल अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में भी स्वास्थ्य शिविर लगाए गए।

सीएमएचओ ओपी जुगतावत ने बताया कि अभियान का उद्देश्य महिलाओं में स्वास्थ्य व पोषण से जुड़ी चुनौतियों की पहचान कर समय पर आवश्यक सेवाएं प्रदान करना है। विशेष रूप से मातृ व शिशु स्वास्थ्य सुधारना तथा किशोरियों में पोषण व एनीमिया के प्रति जागरूकता बढ़ाना अभियान का लक्ष्य है। स्वास्थ्य शिविर में उच्च रक्तचाप, मधुमेह, कैंसर, एनीमिया, सिकल सेल रोग जैसी बीमारियों की जांच की जा रही है। साथ ही क्षय रोग व कुष्ठ रोग जैसी संचारी बीमारियों की स्क्रीनिंग भी की जा रही है। गर्भवती महिलाओं के लिए प्रसव पूर्व जांच, हीमोग्लोबिन, रक्तचाप, यूरिन जांच, एल्ब्युमिन प्रोटीन, एचआईवी, सिफलिस, हेपेटाइटिस बी व सिकल सेल जैसी जटिल बीमारियों की जांच भी की जा रही है।

### आदि कर्मयोगी अभियान के तहत दिया प्रशिक्षण

# सामूहिक सहभागिता से होगा विजन निर्माण



**हरदा।** जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार की आदि कर्मयोगी अभियान के तहत हरदा विकासखंड के 18 ग्रामों का प्रशिक्षण बुधवार को पूर्ण हुआ। प्रशिक्षण में बताया गया कि आदि कर्मयोगी एवं आदि सहयोगी के द्वारा ग्राम में ट्रांजेक वाक कर ग्रामों के विकास हेतु कार्ययोजना बनाई जावेगी, जिनका ग्राम विकास विकेंद्रिकृत योजना से होगा। अभियान में सभी की सहभागिता से जनजातीय ग्रामों में समाज की आवश्यकता के अनुरूप उनकी सामाजिक सांस्कृतिक मूल्यों को ध्यान में रखकर, रोजगार, कृषि, संस्कृति, शिक्षा, पर्यावरण, स्वास्थ्य, मुख्य फसल, जल जंगल तथा जमीन का परम्परागत संरक्षण विषयों पर सामूहिक सहभागिता के द्वारा ग्राम के समग्र विकास का निर्धारण करेंगे। प्रशिक्षण में जिला मास्टर ट्रेनर कंचना चौहान, पियूष कुमरे, विकासखंड मास्टर ट्रेनर सोनाली गौर, संजय कुमार प्रधान, ज्योति महोबिया, सुरेश खांडे, भागवत दाखले एवं नवोदय आरोग्यम वेलफेयर सोसायटी के सामाजिक कार्यकर्ता शंकरलाल मालवीय, खंड पंचायत अधिकारी जनपद हरदा एवं ग्राम स्तर से आये महिला बाल विकास, वन, शिक्षा, स्वास्थ, लोकस्वस्थ यंत्रिकी, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग एवं जनजातीय कार्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

### स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान में कटे होंठ व फटे तालू की जांच

# विशेष शिविर में 8 बच्चों को सर्जरी के लिए किया चिन्हित




**हरदा।** स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत कटे होंठ व फटे तालू वाले बच्चों की जॉच के लिए बुधवार को विशेष शिविर आयोजित किया गया। शिविर में भोपाल से आए डॉ. बालेन्द्र द्विवेदी ने बच्चों की जॉच कर परामर्श दिया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जन्मजात विकृति वाले बच्चों की निःशुल्क सर्जरी कराई जाती है। उन्होने बताया कि सेवा पखवाड़े के तहत 2 अक्टूबर तक प्रतिदिन स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियॉ का आयोजन किया जावेगा। बिसोनिया हॉस्पिटल के अभिषेक मिश्रा ने बताया कि शिविर में 8 बच्चों को क्लेफ्ट लिप एंड पैलेट की सर्जरी के लिये चिन्हांकित किया है वहीं 5 ऐसे बच्चे जिनकी सर्जरी विगत माह में हुई थी उनका फॉलोअप भी लिया गया।

जिला शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र के ऑडियोलॉजिस्ट नीरज मालवीय ने बताया कि सभी बच्चों की आवश्यक जांच करवाई गई है। चिन्हित किये गए कुछ बच्चों का हीमोग्लोबीन कम पाया गया है, वहीं कुछ बच्चो का वजन सर्जरी के लिए उपयुक्त नहीं है। बच्चों के माता पिता को दवा के साथ पोषण आहार के संबंध में जानकारी दी गई है। वजन में वृद्धि के बाद बच्चों की निःशुल्क सर्जरी भोपाल में की जावेगी। इस दौरान जिला समन्वयक आरबीएसके आशीष साकल्ले, डॉ. पूजा मुकाती, डॉ. मनीराम उईके, विकास राजपूत उपस्थित थे।

### मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण

# राजनैतिक दलों ने बैठक में की कई मुद्दों पर चर्चा




हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा

आगामी माह में सम्पूर्ण प्रदेश में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कराया जाना संभावित है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों से सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को अवगत कराने के लिये बुधवार को कलेक्टर सिद्धार्थ जैन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में इंडियन नेशनल कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोहन साई तथा भारतीय जनता पार्टी से जिलाध्यक्ष प्रतिनिधि के.एल. कुशवाह, अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, एसडीएम हरदा अशोक डेहरिया, एसडीएम टिमरनी संजीव नागु तथा एसडीएम खिरकिया शिवांगी बंघेल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर जैन ने सभी उपस्थित मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को भारत निर्वाचन आयोग के संविधान के अनुच्छेद 324 लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 21 तथा अनुच्छेद 326 सहपठित आर.पी. एक्ट 1950 की धारा 16 तथा 19 से अवगत कराया। बैठक में सभी प्रतिनिधियों को उनके बूथ लेवल एजेंट शीघ्र नियुक्त कर सूची उपलब्ध कराने, विशेष गहन पुनरीक्षण में बीएलओ की सहायता के लिये बीएलए नियुक्त करने तथा कार्य को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने हेतु आग्रह किया गया। बैठक में मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के अन्तर्गत आयोग के अनुमोदन प्राप्त होने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए नवीन मतदान केन्द्रों पर भी बीएलए नियुक्त कर बीएलए-2 फार्मेट एवं सूची उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया गया।

### मोरटक्का के ग्रामीणों में आक्रोश, बिना सलाह निर्णय लिया

# शासकीय राशन दुकान स्थानांतरित करने से नाराजगी



**खंडवा।** मोरटक्का के खेड़ीघाट, मोरटक्का स्टेशन और मालबेड़ी के ग्रामीणों में शासकीय उचित मूल्य की दुकान को 5 किलोमीटर दूर स्थानांतरित करने को लेकर आक्रोश है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत ने बिना पंचों से सलाह लिए यह निर्णय लिया है, जिससे उन्हें राशन लेने में काफी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि ओंकारेश्वर फोरलेन हाईवे के कारण राशन दुकान को हटाया जा रहा है, लेकिन इसे गांव से दूर मोरटक्का माफी के पुराने पंचायत भवन में संचालित किया जा रहा है। गरीब और मजदूर वर्ग के पास आने-जाने का कोई साधन नहीं है, जिससे उन्हें राशन लाने में कठिनाई हो रही है।ग्रामीणों ने सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल और मांधाता विधायक नारायण पटेल को ज्ञापन सौंपकर समस्या का समाधान करने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे उग्र आंदोलन करेंगे। ग्रामीणों की मांग है कि राशन की दुकान को गांव में ही रखा जाए या उनके लिए परिवहन की व्यवस्था की जाए ताकि राशन लेने में उन्हें कोई परेशानी न हो। मांधाता विधायक ने आश्वासन दिया है कि तीन दिनों के लिए गांव में ही शासकीय उचित मूल्य की दुकान खुलवा दी जाएगी। सांसद ने कहा कि वे बैठकर इस समस्या का समाधान निकालेंगे।

# सिंधी समाज श्रीराम ग्रुप नवरात्रि उत्सव को बनाएगा भव्य



**खंडवा।** सिंधी कॉलोनी में इस साल नवरात्रि उत्सव भव्यता से मनाया जाएगा। श्रीराम ग्रुप द्वारा 22 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले इस आयोजन में कई विशेष आकर्षण प्रस्तुत किए जाएंगे। आयोजन में अमरनाथ यात्रा का अनुभव कराने वाली गुफा और बर्फीले पहाड़ों की झांकी, मराठा योद्धा संभाजी महाराज और मुगलों के युद्ध को दर्शाती चलित झांकी, तथा काल भैरव रूपी शिव के साथ माता भवानी के दर्शन शामिल रहेंगे। पिछले 15 वर्षों से ग्रुप नवरात्रि पर विशेष मूर्ति स्थापना का आयोजन कर रहा है। इस बार विशाल डमरू के आकार का आकर्षक प्रवेश द्वार बनाया जा रहा है। साथ ही दर्शकों के लिए सुंदर सेल्फी प्वाइंट भी बनाए जाएंगे, जिससे वे अपने अनुभव को यादगार बना सकें। बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले और फूड जोन का भी प्रबंध किया गया है, ताकि पूरे परिवार के साथ श्रद्धालु उत्सव का आनंद ले सकें। दर्शन का आयोजन 22 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मोघट रोड स्थित सिंधी धर्मशाला बगीचा ग्राउंड में होगा। नवरात्रि उत्सव के समापन पर 3 अक्टूबर को शाम 4:00 बजे चल समारोह निकाला जाएगा।

कलेक्टर जनसुनवाई में किसानों की पांच वर्ष से रुके हुए फसल बीमे की मांग

# किसानों ने फसल बीमा की मांग को लेकर प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री व केंद्रीय कृषि मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭सीहोर

मंगलवार को ग्राम कुलांस खुर्द, ढाबला, बमूलिया, धबोटी, चन्देरी, भगवान पुरा के दर्जनों किसानों ने किसान व समाजसेवी एम.एस.मेवाड़ा के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान व प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम का ज्ञापन मुख्य डाक घर के ज्ञापन रजिस्ट्री कर पोस्ट किया गया एवं कलेक्टर सीहोर को जनसुनवाई अलग-अलग किसानों ने आवेदन दिया। जिसमें बताया गया कि कुछ दिन पूर्व ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शाजापुर जिले के गाँव में किसानो के बीच में खराब सोयाबीन को देखा गया था, जिसमे इलेक्ट्रोनिक मीडिया के अनुसार मुख्यामंत्री द्वारा सीहोर जिले में 30 हजार 200 हेक्टेयर कृषि भूमि में सोयाबीन की फसल प्रथम आंकलन में नुकसान बताया गया है एवं 13 सितम्बर 2025 को प्रकाशित समाचार पत्रों के अनुसार सोयाबीन का बोया गया रकबा 3 लाख 20 हजार के लगभग बताया गया है, जबकि इसके अनुसार माने तो 10 प्रतिशत हेक्टयर रकबा खराब सोयाबीन की फसल का नुकसान निकलता है जो कि पीला मोजिक ०अन्य बीमारी एवं प्राकृतिक आपदा कारणों से नुकसान हुआ है। किसानों द्वारा मांग की गई है कि शाजापुर में मुख्यमंत्री द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन किया जाए। समाचार पत्रों के अनुसार जिला प्रशासन द्वारा सीहोर जिले में सोयाबीन की खराब फसलों का रकबा 3 प्रतिशत हेक्टेयर बताया गया अब स्थिति में क्या सही माने। विगत 5 वर्षो से प्राकृतिक आपदा, अधिक बाढ़ , वर्षा, जल भराव, फसल में पिला मोजिक या अन्य कारणों से हमारी फसले खराब होती चली आ रही है, जिसकी हम किसान हर साल समय समय पर बीमा कंपनी व शासन-प्रशासन से खराब फसलों का बीमा राशि देने की मांग करते चले आ रहे है । परन्तु अभी तक हमारी खराब हुई फसल का बीमा नही दिया गया है। केन्द्रीय बैंक एवं सहकारिता बैंक हम किसानों की बिना सूचना के हमारे बैंक खाते से बीमा राशि काट कर हर 6 माह में बीमा कम्पनी को भेज दी जाती है, परन्तु हम कृषकों को विगत 5 वर्षो से बीमा राशि नही दी गई है, जो कि हमारे साथ सरासर अन्याय है एवं इस बार भी हम किसानों को बीमा राशि नहीं मिली है ऐसी स्थिति में या तो 5 साल से जो खराब फसल हो रही है।